दैनिक
# न्याय साक्षी
अधिकार से न्याय तक

**आवश्यक सूचना**
आप सभी को सूचित करते हर्ष हो रहा है, कि न्याससाक्षी अधिकार से न्याय तक का सर्वे का कार्य तेजी से चल रहा है, जल्द ही सर्वे की टीम आपके घर विजिट करेगी, कृपया अपनी प्रति सुरक्षित कराएं।

RNI NO - CHHHIN/2018/76480 | Postal Registration No-055/Raigarh DN CG | रायगढ़, मंगलवार 23 अगस्त 2022 | पृष्ठ-4, मूल्य 3 रुपए | वर्ष-04, अंक- 324

## महत्वपूर्ण एवं खास

### ट्रक और स्कूल वाहन की टक्कर में 4 छात्रों की मौत, 11 घायल

**उज्जैन (आरएनएस)।** मध्य प्रदेश के उज्जैन जिले के नागदा थाना क्षेत्र में सोमवार सुबह ट्रक और स्कूल वाहन की टक्कर से चार छात्रों की मौत हो गई और अन्य 11 गंभीर रूप से घायल हो गए। पुलिस सूत्रों ने बताया कि जिले के उन्हेल से 10 किलोमीटर दूर हताई पालकी ग्राम के समीप उज्जैन से तेज रफ्तार से आ रहे ट्रक ने स्कूल वाहन को टक्कर मार दी। इस दुर्घटना में नागदा के स्कूल जा रहे भावेश (13), उमा (15), इनाया (06) एवं सुमित की मौत हो गई और अन्य 11 गंभीर रूप से घायल हो गए जिन्हें नागदा और उज्जैन के अलग-अलग अस्पताल में इलाज के लिए भर्ती कराया गया है। दुर्घटना की जानकारी मिलने पर कलेक्टर और एसपी अस्पताल पहुंचे। स्कूल वाहन में 15 छात्र सवार थे। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंच गई थी। घायलों को पहले नागदा के अस्पताल ले जाया गया। बाद में गंभीर घायल बच्चों को उज्जैन भेज दिया। कलेक्टर ने बताया कि चार बच्चों की मौके पर मौत हो गयी और अन्य 11 घायल बच्चों को नागदा और उज्जैन के अलग-अलग अस्पतालों में उपचार के लिए भेजा गया है।

### धन शोधन मामला: राउत की न्यायिक हिरासत पांच सितंबर तक बढ़ी

**मुंबई (आरएनएस)।** मुंबई की एक विशेष अदालत ने शहर में एक चॉल के पुनर्विकास में कथित अनियमितताओं से जुड़े धन शोधन के मामले में शिवसेना के सांसद संजय राउत की न्यायिक हिरासत की अवधि सोमवार को पांच सितंबर तक बढ़ा दी। प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने राउत (60) को गोरेगांव उपनगर स्थित पात्रा चॉल के पुनर्विकास में कथित वित्तीय अनियमितताओं के संबंध में एक अगस्त को गिरफ्तार किया था।ईडी की हिरासत में रहने के बाद शिवसेना के नेता को आठ अगस्त को 14 दिन की न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया था। धन शोधन रोकथाम कानून (पीएमएलए) से जुड़े मामलों की सुनवाई कर रहे विशेष न्यायाधीश एम. जी. देशपांडे ने सोमवार को राउत की हिरासत अवधि पांच सितंबर तक बढ़ा दी।ईडी ने अदालत को बताया कि मामले में उसकी जांच अब भी जारी है। ईडी की जांच पात्रा चॉल के पुनर्विकास में कथित वित्तीय अनियमितताओं और राउत की पत्नी तथा सहयोगियों से संबद्ध वित्तीय लेनदेन से जुड़ी है।महाराष्ट्र के पूर्व मुख्यमंत्री और शिवसेना प्रमुख उद्धव ठाकरे के करीबी संजय राउत ने इन सभी आरोपों को खारिज किया है।

### सुप्रीम कोर्ट ने सीतलवाड़ की जमानत अर्जी पर गुजरात सरकार को भेजा नोटिस

**नईदिल्ली (आरएनएस)।** उच्चतम न्यायालय ने सामाजिक कार्यकर्ता तीस्ता सीतलवाड़ की जमानत याचिका पर सोमवार को गुजरात सरकार से जवाब मांगा और मामले पर सुनवाई के लिए 25 अगस्त की तारीख तय की. सीतलवाड़ को 2002 के गुजरात दंगे मामलों में निर्दोष लोगों को फंसाने के वास्ते कथित तौर पर सबूत गढऩे के लिए जून में गिरफ्तार किया गया था. न्यायमूर्ति यू यू ललित की अध्यक्षता वाली पीठ ने सीतलवाड़ की याचिका पर राज्य को नोटिस जारी किया. गुजरात उच्च न्यायालय ने याचिका पर तीन अगस्त को राज्य सरकार को नोटिस जारी किया था और मामले पर सुनवाई के लिए 19 सितंबर की तारीख तय की थी.

# जम्मू-कश्मीर में बड़ी आतंकी साजिश नाकाम, त्राल के बेहगुंड से सेना ने बरामद की 12 किलो आईईडी

**श्रीनगर (आरएनएस)।** जम्मू-कश्मीर में सोमवार को आतंकवादियों की एक बड़ी साजिश नाकाम हो गई है। आतंकी घाटी में अपने दहशत के फिराक में हैं, लेकिन उनके मंसूबों पर चौकन्नी सेना पानी फेर दे रही है। इस बीच पुलिस की विशेष इनपुट पर त्राल के बेहगुंड इलाके से लगभग 10-12 किलोग्राम आईईडी बरामद किया गया है। पुलिस और सेना इसे निष्क्रिय करने में जुटी हुई है।

बीते दिन श्रीनगर स्थित प्रसिद्ध निशात गार्डन के बाहर अचानक एक विस्फोट हुआ, जिससे इस हादसे में एक नागरिक घायल हो गया। अधिकारियों ने इसकी जानकारी दी। उन्होंने ने बताया कि डल झील के किनारे फोरशोर रोड मुगल गार्डन के बाहर यह विस्फोट हुआ। इस धमाके में एक नागरिक घायल हो गया।

वहीं, राजौरी जिले में नियंत्रण रेखा के पास रविवार को सेना के जवानों ने लश्कर-ए-तैयबा के उच्च प्रशिक्षित गाइड को गोली मारने के बाद गिरफ्तार कर लिया जो पाकिस्तान सेना की खुफिया इकाई के लिए भी काम कर चुका है। अधिकारियों का कहना है कि पाकिस्तान के कब्जे वाले कश्मीर के सब्जकोट गांव का निवासी 32 वर्षीय तबरीक हुसैन जब नियंत्रण रेखा पार करने की कोशिश कर रहा था, तो उसे गिरफ्तार कर लिया गया। उनके अनुसार छह सालों में उसे दूसरी बार गिरफ्तार किया गया है।

**घुसपैठिए ने कहा, मैं मरने के लिए आया था, भाईजान मुझे यहां से निकालो-** अधिकारियों के अनुसार, पिछली बार वह और उसका भाई 26 महीने तक सलाखों के पीछे रहे थे और उसके बाद उन्हें अमृतसर में अटारी-वाघा बॉर्डर से पाकिस्तान भेज दिया गया था। इस बार उसकी फिदायीन हमला करने की योजना थी। उनके अनुसार जब सेना ने उसे घायल दशा में गिरफ्तार किया तो वह चिल्लाया, मैं मरने के लिए आया था, मुझे धोखा दे दिया। भाईजान मुझे यहां से निकालो।

अधिकारियों ने बताया कि उसके निजी अंगों और बगल के बाल साफ किए हुए हैं जो आतंकवादी तब करते हैं जब वे आत्मघाती मिशन पर होते हैं। इससे पहले राजौरी के वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक मोहम्मद असलम ने बताया था कि नौशेरा सेक्टर के सहर मकरी क्षेत्र में नियंत्रण रेखा की पहरेदारी कर रहे सेना के जवानों को किसी घुसपैठिए की संदिग्ध गतिविधि नजर आई और उन्होंने उसे ललकारा, तब वह भागने लगा।



असलम ने बताया, इस पर घुसपैठिए पर गोली चलाई गई, जिसमें वह घायल हो गया और उसे पकड़ा लिया गया। उसका स्थानीय सैन्य अस्पताल में उपचार कराया गया और अब उसे राजौरी में सेना के अस्पताल ले जाया गया है। उन्होंने कहा कि उस पर इलाज का असर हो रहा है।

**2019 में मोहम्मद सईद को सेना ने पकड़ा था-** पुलिस के अनुसार अप्रैल, 2016 में कालदियो-सब्जकोट से हुसैन और उसके 15 वर्षीय भाई को तीन अन्य आतंकवादियों– मोहम्मद काफिल, मोहम्मद अली और यासिन को वापस भेजा गया था। उनके पास हथियारों का जखीरा था और उनकी भारतीय सेना की अग्रिम चौकियों के पास विस्फोटक लगाने की योजना थी।

### जम्मू-कश्मीर : लश्कर का 'फिदायीन' आतंकी तबारक राजौरी में एलओसी पर पकड़ा गया

**जम्मू (आरएनएस)।** जम्मू-कश्मीर के राजौरी जिले में नियंत्रण रेखा (एलओसी) पर एक घुसपैठिए आतंकवादी को पकड़ा गया, जिसे लश्कर-ए-तैयबा (एलईटी) ने 'फिदायीन' (आत्मघाती हमलावर) के रूप में भेजा था। नौशेरा सेक्टर के सहर मकरी क्षेत्र में रविवार को सेना के जवानों को किसी घुसपैठिये की संदिग्ध गतिविधि नजर आई। जब वह वहां पहुंचे, तो आतंकवादी एलओसी के पाकिस्तानी हिस्से की ओर वापस भागने लगा। इस पर सैनिकों ने घुसपैठिये पर गोली चला दी, जिसमें वह घायल हो गया। जवानों ने उसे स्थानीय सैन्य अस्पताल में भर्ती कराया, जहां से उसे राजौरी स्थित सेना के अस्पताल में भेज दिया गया है। आतंकवादी की पहचान तबारक हुसैन के रूप में हुई है। पुलिस की पूछताछ करने पर उसने खुलासा किया कि उसे एलओसी पर सेना के प्रतिष्ठानों को निशाना बनाने के लिए लश्कर के आत्मघाती दस्ते के हिस्से के रूप में भेजा गया था। यह दूसरी बार है जब उसने एलओसी पार किया है। उसने पूछताछ में बताया कि उसे और उसके भाई हारून अली को अप्रैल 2016 में नौशेरा सेक्टर में ही घुसपैठ पर गिरफ्तार किया गया था। 26 महीने जेल में रहने के बाद उनको वाघा-अटारी बॉर्डर से पाकिस्तान को लौटाया गया था। उसने खुलासा किया कि वह आईएसआई के साथ लगभग 2 सालों तक जुड़ा रहा। पुलिस ने कहा, इस अवधि के दौरान उन्हें दुश्मन की जानकारी हासिल करने और कभी भी पकड़े जाने की स्थिति में बचने के लिए प्रशिक्षित किया गया था। उसने भीमबेर में एलओसी के पास लश्कर के प्रशिक्षण शिविर में छह हफ्ते की ट्रेनिंग ली थी।

## जूनियर एनटीआर ने केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह से की मुलाकात

**हैदराबाद (आरएनएस)।** तेलुगू फिल्मों के मशहूर अभिनेता जूनियर एनटीआर ने केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह से रविवार रात मुलाकात की। शाह रविवार को एक दिवसीय तेलंगाना दौरे पर गए थे। शाह ने ट्वीट किया, हैदराबाद में तेलुगू सिनेमा के बेहतरीन अभिनेता जूनियर एनटीआर के साथ बातचीत की। जूनियर एनटीआर आंध्र प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री एन. टी. रामा राव के पोते हैं। शाह के ट्वीट के जवाब में जूनियर एनटीआर ने लिखा, अमित शाह जी, आपसे मिलकर और बातचीत करके बहुत खुशी हुई। अपनापन भरे शब्दों के लिए शुक्रिया। भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) की तेलंगाना इकाई के अध्यक्ष एवं सांसद बंदी संजय कुमार ने बताया कि यह एक निजी मुलाकात थी और वह भी उसमें शामिल नहीं हुए। ऐसी अटकलें हैं कि जूनियर एनटीआर के प्रशंसकों और तेलंगाना में आंध्र प्रदेश के



मतदाताओं को आकर्षित करने के लिए यह बैठक की गई। अभिनेता ने 2009 में तेलुगू देशम पार्टी के लिए प्रचार किया था, लेकिन उसके बाद से वह पार्टी के मामलों और राजनीति से दूर ही हैं। इसके अलावा, शाह ने रामोजी राव से भी मुलाकात की। शाह ने ट्वीट किया, श्री रामोजी राव गारू का जीवन फिल्म उद्योग और मीडिया से जुड़े लाखों लोगों के लिए प्रेरणा का स्रोत है। हैदराबाद में उनके आवास पर मुलाकात की।

## शाहनवाज हुसैन को सुप्रीम कोर्ट से मिली राहत, रेप केस में एफआईआर के आदेश पर लगाई रोक

**नई दिल्ली (आरएनएस)।** रेप केस में फंसे भाजपा के सीनियर नेता शाहनवाज हुसैन को सुप्रीम कोर्ट से बड़ी राहत मिली है। अदालत ने हाई कोर्ट के फैसले पर रोक लगा दी है, जिसमें उसने आदेश दिया था कि शाहनवाज हुसैन के खिलाफ एफआईआर दर्ज की जाए। उच्च न्यायालय ने दिल्ली पुलिस को इस मामले में तीन महीने में जांच रिपोर्ट सौंपने को भी कहा था। हाई कोर्ट के आदेश के खिलाफ शाहनवाज हुसैन ने उच्चतम न्यायालय का रुख किया था और कहा था कि इससे उनकी छवि खराब होगी।



जस्टिस यूयू ललित की बेंच ने इस मामले में दिल्ली सरकार समेत सभी पक्षों को नोटिस भी जारी किए हैं और इस मसले पर उनका जवाब मांगा है। फिलहाल अदालत ने इस मामले की सुनवाई सितंबर के तीसरे सप्ताह तक के लिए टाल दी है। इससे पहले 17 अगस्त को दिल्ली उच्च न्यायालय ने शाहनवाज हुसैन की ट्रायल कोर्ट के फैसले चुनौती देने वाली अर्जी को खारिज कर दिया था। अदालत ने यह कहते हुए उनकी अर्जी खारिज कर दी थी कि इसका कोई आधार नहीं बनता। इसके साथ ही कोर्ट ने दिल्ली पुलिस से कहा था कि वह इस एफआईआर दर्ज करे और तीन महीने के अंदर जांच की रिपोर्ट सौंपे।

बता दें कि 2018 में दिल्ली की एक महिला ने निचली अदालत में अर्जी दाखिल की थी और शाहनवाज हुसैन के खिलाफ रेप का आरोप लगाया हुए एफआईआर दर्ज करने की मांग की थी। महिला की अर्जी पर 7 जुलाई, 2018 को मजिस्ट्रेट कोर्ट ने महिला के खिलाफ एफआईआर का आदेश दिया था, जिसे शाहनवाज हुसैन ने सेशन कोर्ट में चुनौती दी थी, जहां अर्जी खारिज हो गई थी। इसके बाद वह उच्च न्यायालय पहुंचे थे, लेकिन वहां भी राहत नहीं मिल पाई थी। फिलहाल सुप्रीम कोर्ट की ओर से शाहनवाज हुसैन को अंतरिम राहत मिल गई है। अब सितंबर के तीसरे सप्ताह में होने वाली सुनवाई पर सभी की नजरें हैं।

## किसानों की 'महापंचायत के मद्देनजर सिंघु और गाजीपुर बॉर्डर समेत दिल्ली की सीमाओं पर सुरक्षा बढ़ाई, यातायात प्रभावित

**नई दिल्ली (आरएनएस)।** जंतर-मंतर पर किसानों के संगठन द्वारा बुलायी गई 'महापंचायत के मद्देनजर सिंघु और गाजीपुर बॉर्डर समेत दिल्ली की सीमाओं पर सोमवार को सुरक्षा कड़ी कर दी गयी। पुलिस ने यह जानकारी दी। अधिकारियों ने बताया कि दिल्ली के गाजीपुर बॉर्डर पर भारी यातायात जाम देखा गया जबकि सिंघु बॉर्डर पर भी वाहनों की रफ्तार थम-सी गयी है। पुलिस ने सोमवार को बताया कि राजधानी में प्रवेश कर रहे सभी वाहनों की तलाशी ली जा रही है और पुलिस कर्मियों को ''सतर्क रहने को कहा गया है। विशेष पुलिस आयुक्त (कानून एवं व्यवस्था) दीपेंद्र पाठक ने कहा, ''हमने पर्याप्त बंदोबस्त किए हैं ताकि कानून एवं व्यवस्था बनी रहे और जान और माल को कोई नुकसान न पहुंचे। पुलिस ने बताया कि जंतर मंतर पर भारी संख्या में पुलिस बल तैनात किया गया है और अतिरिक्त अवरोधक लगाए गए हैं। वहां प्रवेश करने की कोशिश कर रहे हर व्यक्ति की व्यापक तलाशी ली जाएगी ताकि किसी भी अप्रिय घटना को रोका जा सके।



विशेष पुलिस आयुक्त (कानून एवं व्यवस्था) सागर प्रीत हुड्डा ने कहा, ''आम तौर पर पुलिसकर्मी जंतर मंतर पर तैनात रहते हैं लेकिन सोमवार को हमने 'महापंचायत के देखते हुए अतिरिक्त बल की तैनाती की है। उन्होंने बताया कि दिल्ली के कई हिस्सों में यातायात बाधित हो सकता है क्योंकि पुलिस ने सीमा चौकियों पर अवरोधक लगाए हैं। एक वरिष्ठ पुलिस अधिकारी ने बताया कि गाजीपुर बॉर्डर पर वाहनों की लंबी कतारें देखी गयीं क्योंकि पुलिस हर वाहन की तलाशी ले रही है। यह 'महापंचायत के मद्देनजर सुरक्षा व्यवस्था का हिस्सा है। पुलिस ने बताया कि 'महापंचायत को देखते हुए सिंघु बॉर्डर पर अतिरिक्त जांच चौकियां लगाने के कारण वाहनों की रफ्तार धीमी हो गयी है। एक अन्य वरिष्ठ पुलिस अधिकारी ने कहा, ''अतिरिक्त चौकियों के कारण यातायात की रफ्तार धीमी हो गयी है। हम स्थिति से निपट रहे हैं। कर्मियों को तैनात किया गया है और जनता को कोई असुविधा पहुंचाए बिना व्यवस्था की जाएगी।

पुलिस ने ट्वीट कर वाहन चालकों से किसानों की महापंचायत के कारण टॉलस्टॉय मार्ग, संसद मार्ग, जनपथ रोड, अशोक रोड, कनॉट प्लेस के बाहरी सर्किल, बाबा खडग़ सिंह मार्ग और पंडित पंत मार्ग से यात्रा करने से बचने को कहा है। अधिकारियों ने बताया कि संयुक्त किसान मोर्चा और अन्य किसान संगठन महापंचायत का आयोजन कर रहे हैं और वे बाहरी जिले से होकर गुजरेंगे, जिसमें गाजियाबाद में गाजीपुर बॉर्डर भी आता है।

### टेंट के गोदाम में लगी आग, दम घुटने से दंपति और मासूम बेटी की मौत; 10 लोगों ने कूदकर बचाई जान

**गाजियाबाद (आर एन एस)।** गाजियाबाद के सिहानी गेट थानाक्षेत्र के शिब्बनपुरा में रविवार देर रात टेंट के गोदाम में भीषण आग लग गई। गोदाम के ऊपर एक कमरे में रह रहे दंपती और उनकी एक साल की बेटी आग में फंस गए और दम घुटने से तीनों की मौत हो गई। सूचना पर पहुंची दमकल की गाडिय़ों से तडक़े पांच बजे आग पर काबू पाया

कल्पना नगर शिब्बनपुरा में सुनील दत्त का टेंट हाउस का गोदाम है। रात करीब दो बजे भूतल पर स्थित गोदाम में आग लग गई। देखते ही देखते आग ने भीषण रूप ले लिया। प्रथम और द्वितीय तल पर रह रहे 13 लोग बिल्डिंग में फंस गए। दस लोग जैसे-तैसे छत के रास्ते दूसरे मकानों पर कूदकर बच गए, लेकिन प्रथम तल पर रहने वाले दंपती और उनकी एक साल की बेटी बाहर नहीं निकल सके। धुएं में दम घुटने से उनकी मौत हो गई। मृतकों की पहचान बुलंदशहर के खुर्जा निवासी पंकज कुमार पुत्र राजवीर सिंह (30), उनकी पत्नी कविता (26) और बेटी कृतिका (1) के रूप में हुई। सीओ द्वितीय आलोक दुबे ने बताया कि पंकज डिलीवरी बॉय का कार्य करते थे। मुख्य अग्निशमन अधिकारी ने बताया कि मुख्य मार्ग से हौज पाइप फैलाकर टेंट के गोदाम में लगी आग को बुझाया गया।

## भारी बारिश से मध्य प्रदेश में आफत, 50 डैम ओवरफ्लो- प्रयागराज से 50 हजार छात्रों ने किया पलायन

**नई दिल्ली (आरएनएस)।** देश के कई राज्यों में जोरदार बारिश हो रही है। मध्य प्रदेश में 48 घंटे से लगातार भारी बारिश हो रही है। यहां, कई जिलों में बाढ़ के हालात बन गए हैं। मौसम विभाग ने अगले 24 घंटे में तेज बारिश का नया अलर्ट जारी किया है। सबसे ज्यादा बारिश राजधानी भोपाल में पिछले 24 घंटे में 7.5 इंच हुई है। नर्मदापुरम जिले में नेशनल हाईवे बंद हो गया है। नरसिंहपुर से जबलपुर पहुंचने का रास्ता बंद हो गया है। खंडवा में नर्मदा नदी उफान पर है। रायसेन में कलेक्टर ऑफिस में पानी भर गया है।



एमपी में पिछले 48 घंटे से ज्यादा बारिश के चलते कई नेशनल हाईवे ब्लॉक हैं। 50 से ज्यादा डैम ओवर फ्लो हैं। जबलपुर में बरगी डैम के 17 और नर्मदापुरम में तवा डैम के 13 गेट खोले गए हैं। बारिश के चलते भोपाल के बड़ा तालाब के बोट क्लब पर खड़ा क्रूज आधा डूब गया है। वहीं, मौसम की वजह से भोपाल आने वाली कुछ फ्लाइट कैंसिल कर दी गई हैं और कुछ को डायवर्ट कर दिया गया।

वहीं बात उत्तर प्रदेश की करें तो यहाँ पिछले 24 घंटे के दौरान हुई बारिश के चलते प्रयागराज में गंगा किनारे के सैकड़ों घरों में पानी घुस गया है। 50 हजार छात्र लॉज छोड़ कर चले गए हैं। 10 हजार से ज्यादा परिवार इससे प्रभावित हुए हैं। बलिया में टोंस नदी में छोटी नाव डूब गई। वाराणसी में घाट और कई मंदिर डूब गए हैं। गंगा खतरे के निशान के करीब है और यमुना का जलस्तर बहुत तेजी से बढ़ रहा है।

## भारत में कोविड-19 के 9531 नए मामले, 26 लोगों की मौत

**नईदिल्ली (आरएनएस)।** भारत में सोमवार को कोविड-19 के 9,531 नए मामले आने से संक्रमण के कुल मामलों की संख्या 4,43,48,960 पर पहुंच गयी है जबकि उपचाराधीन मरीजों की संख्या कम होकर 97,648 रह गयी है। केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय के सोमवार सुबह आठ बजे तक अद्यतन आंकड़ों के अनुसार, संक्रमण से 26 और मरीजों के जान गंवाने से मृतकों की संख्या बढक़र 5,27,368 हो गयी है। इनमें केरल द्वारा पुनर्मिलान किए गए मौत के 10 मामले भी शामिल हैं।

आंकड़ों के अनुसार, कोविड-19 के उपचाराधीन मरीजों की संख्या संक्रमण के कुल मामलों का 0.22 प्रतिशत है जबकि कोविड-19 से स्वस्थ होने की राष्ट्रीय दर 98.59 प्रतिशत है। संक्रमण



की दैनिक दर 4.15 प्रतिशत दर्ज की गयी और साप्ताहिक संक्रमण दर 3.59 प्रतिशत रही। मंत्रालय के अनुसार, पिछले 24 घंटे में कोविड-19 का पता लगाने के लिए 2,29,546 नमूनों की जांच की गयी। इसी के साथ ही अब तक जांच किए गए कुल नमूनों की संख्या 88.27 करोड़ हो गयी है। इस बीमारी से उबरने वाले लोगों की संख्या बढक़र 4,37,23,944 हो गयी है जबकि मृत्यु दर 1.19 प्रतिशत है। देशव्यापी कोविड-19 रोधी टीकाकरण अभियान के तहत अभी तक 210.02 करोड़ खुराकें दी जा चुकी है।

गौरतलब है कि देश में सात अगस्त 2020 को संक्रमितों की संख्या 20 लाख, 23 अगस्त 2020 को 30 लाख और पांच सितंबर 2020 को 40 लाख से अधिक हो गई थी। संक्रमण के कुल मामले 16 सितंबर 2020 को 50 लाख, 28 सितंबर 2020 को 60 लाख, 11 अक्टूबर 2020 को 70 लाख, 29 अक्टूबर 2020 को 80 लाख और 20 नवंबर को 90 लाख के पार चले गए थे। देश में 19 दिसंबर 2020 को ये मामले एक करोड़ से अधिक हो गए थे। पिछले साल चार मई को संक्रमितों की संख्या दो करोड़ और 23 जून 2021 को तीन करोड़ के पार पहुंच गई थी। इस साल 25 जनवरी को संक्रमण के मामले चार करोड़ के पार हो गए थे।